मंगलवार
04 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रीतम की हत्या के मामले में बलिया में प्राथमिकी दर्ज, नेनुआ में पसरा मातम 3

बदलाव: एनसीईआरटी ने इतिहास की किताब से मुगल साम्राज्य से जुड़ा चैप्टर हटाया

एजेंसी/नई दिल्ली

- हिंदी की किताब से कुछ कविताएं और पैराग्राफ हटाने का लिया गया निर्णय
- नागरिक शास्त्र की किताब से हटाए गए यूएस हिजेमनी इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स और द कोल्ड वॉर एरा के चैप्टर

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा के लिए इतिहास, नागरिक शास्त्र और हिन्दी के सिलेबस में कुछ बदलाव किए हैं। इतिहास की किताब से मुगल साम्राज्य से जुड़ा चैप्टर हटाया गया है। इसके अलावा हिंदी की बुक से कुछ कविताएं और पैराग्राफ हटाने का निर्णय लिया गया है।

अपडेटेड सिलेबस के अनुसार थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री-पार्ट-2 से मुगल दरबार (16वीं और 17वीं शताब्दी) और शासकों व उनके इतिहास से संबंधित अध्यायों को हटाया गया है। नागरिक शास्त्र की किताब से 'यूएस हिजेमनी इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स' और 'द कोल्ड वॉर एरा' जैसे चैप्टर हटाए गए हैं। इसके अलावा, स्वतंत्र भारत में राजनीति की किताब से 'जन आंदोलन का उदय' और 'एक दल के प्रभुत्व का दौर' हटा दिया गया है। इनमें कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ आदि को पढ़ाया जाता है।

मौजूदा सेशन से होने जा रहे बदलाव : एनसीईआरटी ने हिन्दी सब्जेक्ट के सिलेबस में भी कुछ बदलाव किए हैं। इनमें हिन्दी आरोह भाग-2 की किताब से फिराक गोरखपुरी की गजल और अंतरा भाग दो से सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की गीत गाने दो मुझे को हटा दिया है। इसके अलावा विष्णु खरे की एक काम और सत्य को भी हटाया गया है। मौजूदा सेशन से होने जा रहे बदलाव केवल 12वीं क्लास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि 10वीं और 11वीं क्लास की बुक्स से भी कई चैप्टर हटाए गए हैं। 11वीं की बुक 'थीम्स इन वर्ल्ड हिस्ट्री' से 'सेंट्रल इस्लामिक लैंड्स', 'संस्कृतियों का टकराव' और 'द इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन' जैसे चैप्टर हटा दिए गए हैं। इसी तरह 10वीं की बुक लोकतांत्रिक राजनीति-2 से लोकतंत्र और विविधता, लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन, लोकतंत्र की चुनौतियां जैसे चैप्टर हटाए गए हैं।

सभी स्कूलों व छात्रों के लिए होगा लागू : सिलेबस में यह बदलाव देशभर के उन सभी स्कूलों व छात्रों के लिए लागू होगा, जहां एनसीईआरटी की किताबें कोर्स का हिस्सा हैं। इसमें सीबीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड भी शामिल है। एनसीईआरटी के मुताबिक, सिलेबस में जो भी बदलाव किया गया है उसे मौजूदा शैक्षणिक सत्र यानी बदलाव 2023-24 से ही लागू कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने क्लास 10, 11 और 12वीं के नए पाठ्यक्रम की पुष्टि की है और कहा कि इसमें बदलाव किए गए हैं। यूपी बोर्ड का सिलेबस 2023-24 आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

आरबीआई ब्याज दरों में 0.25% की कर सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सोमवार से मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग शुरू हो गई है। यह मीटिंग 6 अप्रैल तक चलेगी। इस मीटिंग में आरबीआई रेपो रेट यानी इंटरेस्ट रेट में 0.25% की बढ़ोतरी कर सकती है। ऐसा होता है तो लगातार 7वीं बार रेपो रेट में बढ़ोतरी होगी। आरबीआई मई 2022 से लगातार रेपो रेट में बढ़ोतरी कर रही है। महंगाई को कम करने के लिए फ्इक मई के बाद से अब तक रेपो रेट में टोटल 250 बेसिस पॉइंट्स यानी 2.50% की बढ़ोतरी कर चुकी है। माना जा रहा है कि मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग में इस बार होने वाली रेट हाइक आखिरी होगी। गुरुवार यानी 6 अप्रैल कोआरबीआई मीटिंग में लिए गए फैसलों के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताएगी। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिजर्व बैंक कुल मिलाकर एमपीसी की 6 मीटिंग करेगी। हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व, यूरोपियन सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड समेत कई विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी महंगाई को कम करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है।

रिटेल महंगाई 2 महीने नवंबर और दिसंबर 2022 में आरबीआई के कम्फर्ट जोन यानी 2-6% के बीच रही थी। इसके बाद फिर से महंगाई फ्इक के कम्फर्ट जोन से बाहर हो गई। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स बेस्ड इन्फ्लेशन जनवरी 2023 में 6.52% और फरवरी 2023 में 6.44% रहा था। 2 महीने पहले फरवरी में आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25% का इजाफा किया था। इससे रेपो रेट 6.25% से बढ़कर 6.50% हो गई। अब आरबीआई एक बार फिर 0.25% की बढ़ोतरी करती है, तो रेपो रेट 6.50% से बढ़कर 6.75% हो जाएगी।

बिहार विधानसभा में जमकर हुआ हंगामा: राजद ने कहा- नहीं होगी एनआईए की जांच

सदन में गूंजा जुलूस में हिंसा का मामला भाजपा ने की एनआईए से जांच की मांग

केटी न्यूज/पटना

बिहार रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसक घटना को लेकर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस मुद्दे को लेकर सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इसकी जांत एनआईए से मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि बाहरी आतंकवादियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर हिंसा भड़काई है। वहीं, सीपीआई एमएल विधायक मनोज मंजिल ने बजरंग दल और वीएचपी पर आरोप लगाया है। बीजेपी की मांग पर आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने कहा कि एनआईए से जांच नहीं कराई जाएगी।

बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि राज्य के आतंकवादियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर हिंसा भड़काई है। बिहार सरकार यह हिंसा कराई है। राम भक्तों को रामनवमी के जुलूस के दौरान टारगेट किया गया है। घटना में शामिल लोगों का एनकाउंटर किया जाना चाहिए। उपद्रवियों के घरों पर बुलडोजर चले। वहीं, इस मामले को लेकर सीपीआई एमएल विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि बजरंग दल, वीएचपी और बिहार शरीफ के स्थानीय बीजेपी विधायक ने बिहार शरीफ में हिंसा भड़काई है। अमित शाह क्या इन लोगों को उल्टा लटकाएंगे? सत्ता से बाहर होने के बाद से बीजेपी बिहार में बौखलाई हुई है, इसलिए ये सब करा रही है।

भाई वीरेंद्र ने कहा- नहीं होगी एनआईए की जांच : मामले को लेकर आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि एनआईए जांच नहीं होगी। बीजेपी की मांग नहीं मानी जाएगी। बिहार सरकार कार्रवाई कर रही है। शांति बहाल हो रही है। बीजेपी ही सासाराम और बिहार शरीफ में हिंसा कराई है, जिससे अपने आका को खुश कर सके जो रविवार को बिहार आए थे। वीएचपी, आरएसएस और बीजेपी ने बिहार में दंगा कराई है। वीएचपी, आरएसएस और बीजेपी पर बैन लगाया जाए। एक महीना पहले से ये लोग दंगा की प्लानिंग कर रहे थे। दंगा पीड़ितों को 10 लाख मुआवजा मिले। दंगा में बिहार शरीफ के स्थानीय विधायक जो बीजेपी के है, उनकी भूमिका की जांच की होनी चाहिए।

मंगलवार से हालात सामान्य होने की संभावना : दूसरी ओर, नालंदा डीएम ने उम्मीद जाहिर की कि मंगलवार से हालात सामान्य होने की संभावना है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया है कि मंगलवार की सुबह 9 बजे तक आवश्यक दुकानों को खोलने की इजाजत दे दी जाएगी। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शाम 5 बजे से सख्ती बरती जाएगी। वहीं, अफवाह फैलाने वालों पर या सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट डालने बालों पर भी दंगा भड़काने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए आज भी शांति समिति की बैठक की जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा कि डीजीपी हाई लेवल बैठक कर रहे हैं, जिसमें जरूरी सुझाव दिए जा रहे हैं, उस पर तुरंत अमल किया जा रहा है।

नालंदा हिंसा में अब तक 130 गिरफ्तार, 15 एफआईआर

पटना। हिंसा प्रभावित नालंदा जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने सोमवार को बताया कि हिंसा की घटना से लेकर अब तक कुल 130 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बड़ी संख्या में नाबालिग हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 15 एफआईआर दर्ज किए जा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मंगलवार से स्थिति सामान्य होने की संभावना जताई है। डीएम ने बताया कि नालन्दा में रामनवमी के अवसर पर 31 मार्च को जुलूस के दौरान बिहार शरीफ के गगन दीवान मुहल्ले में हुई दो समुदायों के बीच झड़प के बाद एक अप्रैल को दिनभर शांति रही। लेकिन, शाम होते ही अचानक दो समुदायों के बीच का मामला शहर के कई मोहल्लों में फैल गया और देखते ही देखते कई इलाकों से गोलीबारी और आगजनी की खबरें आने लगी। इस दौरान चार लोगों को गोली लग गई, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई. इसके बाद शहर में धारा 144 लगा दी गई है। हालांकि, माहौल कर्फ्यू जैसा नजर आ रहा है।

भोजपुर में उत्पाद विभाग की टीम व ग्रामीणों में हिसक झड़प, दर्जन भर पुलिस कर्मी जख्मी

केटी न्यूज/आरा

जिले में सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप के राजदेव नगर में सोमवार की देर शाम उत्पाद विभाग की टीम और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी। शराब को लेकर छापेमारी के दौरान कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीण उत्पाद विभाग की टीम से उलझ गये। उसके बाद पुलिस और पब्लिक में जोरदार भिड़ंत हो गयी। उस दौरान जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। उसमें उत्पाद इंस्पेक्टर और ग्रामीणों सहित करीब दर्जन भर लोग जख्मी हो गए। उसमें घायल ग्रामीणों का इलाज खैरा की निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। वहीं पुलिसकर्मियों का इलाज स्थानीय सीएचसी चल रहा है।

इधर, घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और सड़क पर उतर गये। गुस्साए ग्रामीणों द्वारा पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आरा-अरवल रोड जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गयी। ग्रामीणों की ओर से उत्पाद विभाग की टीम पर श्राद्धकर्म में आये एक रिश्तेदार को गिरफ्तार करने और विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट करने का आरोप लगा रहे थे। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण गिरफ्तार लोगों को छोड़ने और दोषी उत्पाद कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। उसे लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। जाम में एक जज भी काफी देर तक फंसे रहे।बताया जा रहा है कि देर रात एक व्यक्ति को छोड़ने के बाद जाम समाप्त हो सका।

लोकसभा चुनाव तक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार राजभवन में डाल लें अपना डेरा: ललन सिंह

पटना। अमित शाह लोकसभा चुनाव 2024 तक बिहार के राजभवन में ही अपना आवास बना लें। वो चाहें तो रोज दिन में 10 बार राज्यपाल से बात करें, हमें क्यों तकलीफ होगी? ये बातें जेडीयू के ललन सिंह ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल ट्वीट कर कही है। ललन सिंह ने नवादा में गृह मंत्री अमित शाह के भाषण पर पलटवार किया है। उन्होंने अमित शाह पर जोरदार हमला किया है। ललन सिंह

ने भाजपा को बड़का झूठा पार्टी (बीजेपी) बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी राज्यपाल जैसे पद का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन इसका कोई फायदा नहीं होने वाला। बता दें कि अमित शाह दो दिन की यात्रा पर बिहार पहुंचे थे। सासाराम और नवादा में उनका कार्यक्रम होना था। सासाराम में फैली हिंसा के बाद उसे कैंसिल कर दिया गया और अमित शाह ने महज नवादा में ही अपनी जनसभा की। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने कहा था कि हिंसा को लेकर मैंने राज्यपाल से बात की तो ललन बाबू को बुरा लग गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि चुनाव परिणाम के बाद भी नीतीश कुमार के लिए बीजेपी के दरवाजे बंद ही रहेंगे।

पीएम क्यों अपनी डिग्री नहीं दिखाते: शिंदे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को वीर सावरकर गौरव यात्रा की शुरूआत की। इसमें भाजपा के कई नेता शामिल हुए। इस यात्रा में शामिल लोग ह्यमैं सावरकर हूंह्ण लिखी भगवा टोपियां पहने हुए थे।

दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने सावरकर को लेकर टिप्पणी की थी। इसी के बाद सीएम शिंदे ने सावरकर गौरव यात्रा निकालने की घोषणा की थी। इसकी शुरूआत शिंदे की विधानसभा और उनका गढ़ माने जाने वाले ठाणे से हुई। यह यात्रा अब पूरे राज्य में निकाली जाएगी। इधर, रविवार की शाम को संभाजीनगर में महा विकास अघाड़ी की रैली आयोजित हुई। इसमें पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने पीएम मोदी की डिग्री पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा का नाम बदलकर भ्रष्टवादी जनता पार्टी कर देना चाहिए। उद्धव ने कहा कि पीएम मोदी के पास आखिर किस तरह की डिग्री है, जो वह किसी को नहीं दिखा सकते? पीएम को तो छोड़िए, कॉलेज को भी उनके वहां पढ़ने पर गर्व होना चाहिए।

बीपीएससी बोर्ड के इंटरव्यू में दिए गए नंबर को करना होगा एक्सप्लेन

शिक्षा व्यवस्था जॉब सीकर नहीं, जॉब गिवर्स होनी चाहिए: अतुल प्रसाद

केटी न्यूज/पटना

बीपीएससी परीक्षा को लेकर सोमवार को बड़ा बदलाव किया गया। अब से बोर्ड को इंटरव्यू में दिए गए नंबर को एक्सप्लेन करना होगा। यह जानकारी बीपीएससी के चेयरमैन अतुल प्रसाद ने दी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अगर अभ्यर्थियों को 30 प्रतिशत से कम या फिर 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबर आता है तो इंटरव्यू बोर्ड को उस नंबर को एक्सप्लेन करना होगा। दरअसल, बीपीएससी के 75वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम नीतीश ने कहा था कि जो भी अभ्यर्थी परीक्षा देते हैं और पास

होते हैं। अगर लिखित में ज्यादा नंबर आता है तो इंटरव्यू में इतना कम नंबर क्यों आया? इसलिए अगर संदेह हो तो जांच कीजिए।

इसको लेकर आयोग के चेयरमैन अतुल प्रसाद ने अब फैसला ले लिया। बीपीएससी के तरफ से आज यानी सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जहां ये जानकारी दी गई। अतुल प्रसाद ने कहा कि 75वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान राज्यपाल ने कहा था कि हमारी शिक्षा व्यवस्था जॉब सीकर नहीं, जॉब गिवर्स की होनी चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने अब यह फैसला लिया है कि अभी ऐसे कई पाठ्यक्रम हैं, जोकि सिर्फ सरकारी नौकरी और बिहार लोक सेवा आयोग के लिए पढ़ाए जाते हैं। अब हमारी कोशिश यह रहेगी कि ऐसे पाठ्यक्रम को हम हटाएं। उन पाठ्यक्रम को लाएं, जो ज्यादा प्रासंगिक हैं और जिससे लोगों को ज्यादा रोजगार मिल सकता है।

68वीं मेंस परीक्षा तिथि में भी किया गया बदलाव: चेयरमैन ने बताया कि बहुत अभ्यर्थियों की यह परेशानी थी कि 68वीं मैंस की परीक्षा तिथि और अन्य बोर्ड की परीक्षा तिथि मैच हो रही थी। इस कारण से इसकी परीक्षा तिथि में भी बदलाव किया गया है। 12 मई 2023 को जीएस-1 की परीक्षा होगी, इसके बाद 17 मई को जीएस-2 पहली पाली में और दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा होगी। 18 मई को पहली पाली में निबंध की परीक्षा और दूसरी पाली में ऑप्शनल विषय की परीक्षा होगी।

खबरें फटाफट

आग लगने से गेहूं की फलस जली

जहानाबाद। हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खुदौरी पंचायत के इमादपुर गांव के बधार में आग लगने से किसान मनोज शर्मा का खेत में गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। साथ ही फुलेंद्र शर्मा के बागान में भी आग लग गया। आग लगने से बांस एवं अन्य फलदार पेड़ों को नुकसान हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि एकाएक बधार से आग की लपटे उठने लगी। जिसे देख ग्रामीणों के शोर मचाने पर लोग आग को बुझाने के पहुंचेत्र। साथ ही, प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। जिससे समय पर दमकल आकर ग्रामीण एवं दमकल कर्मचारियों के द्वारा आग बुझाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जाता है। इसकी जानकारी हुलासगंज सीओ को दे दी गई है।

आधुनिक बिहार के निर्माता थे श्री कृष्ण सिंह

जहानाबाद। जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि नवादा जिले के हिसुआ में गृह मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित किया। बिहार केसरी श्री कृष्ण सिंह की जन्म भूमि में कार्यक्रम हुआ। लेकिन उनकी जन्मस्थली पर जाना मुनासिब नहीं समझा। जो कार्यक्रम स्थल से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर है। श्री कृष्ण सिंह के अनुआइयों को सोचना होगा कि उनका वोट मिले, लेकिन उनका नाम लेना मुनासिब नहीं समझा। श्री कृष्ण सिंह जी आधुनिक बिहार के निर्माता थे। वहीं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्री कृष्ण सिंह के जन्म स्थली खनवा गांव को स्पेशल पैकेज देकर उनके जन्म स्थली को चौमुखी विकास किया है। जदयू जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु ने कहा की श्री कृष्ण सिंह ने जो विकास किया, उसके बाद नीतीश कुमार ने ही बिहार में विकास किया है। अमित शाह ने जिसे जिगर के टुकड़े युवाओं को बोले उस जिगर के टुकड़े के रोजगार के बारे में कुछ नहीं बोले।

टीबी के कारण महिलाओं में बढ़ जाती है बांझपन की संभावना, रखें विशेष ध्यान

केटी न्यूज/बक्सर

❒ गर्भावस्था में टीबी एक महत्वपूर्ण विषय, जानकारी होना बेहद जरूरी

जानकारी के अभाव में आमतौर पर लोगों को लगता है कि टीबी सिर्फ फेफड़ों की बीमारी है। लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो फेफड़ों से लेकर दिमाग और यूटरस आदि में भी आसानी से हो सकती है। महिलाओं में होने वाली टीबी की बीमारी यानी ट्यूबरकुलोसिस गर्भाशय पर काफी बुरा असर डालती, जो भारत में तेजी से बढ़ रहा है।

इसके कारण महिलाएं बांझपन की शिकार भी हो जाती हैं। माइको बैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नाम के बैक्टीरिया के कारण होने वाला यह रोग फेफड़ों को अधिक प्रभावित करता है। महिलाओं में भी टीबी संक्रमण के मामले अधिक हैं। विशेषकर गर्भावस्था में टीबी एक महत्वपूर्ण विषय है जिसके बारे में जरूरी जानकारी रखी जानी चाहिए। अगर किसी महिला को टीबी है और वह गर्भवती है तो उसका सही समय पर निदान आवश्यक है। सही इलाज से गर्भवती महिला व शिशु को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। यदि सही समय पर इसका इलाज नहीं हुआ तो भविष्य में उन्हें और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

लक्षण दिखने पर टीबी जांच आवश्यक : डॉ. सिन्हा ने बताया, गर्भवती महिलाओं के टीबी संक्रमित होने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें घर में टीबी के किसी अन्य व्यक्ति के लगातार संपर्क में आने, टीबी संक्रमित क्षेत्र में रहने, एचआईवी होने, कुपोषित तथा बहुत अधिक वजन कम होने, शराब व मादक पदार्थ जैसे सिगरेट, गुटखा सेवन शामिल हैं। टीबी के कुछ ऐसे लक्षण आमतौर पर जाहिर होते हैं जिसके दिखने पर टीबी जांच आवश्यक है। इनमें एक सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, तेज बुखार रहना, भूख की कमी, बहुत अधिक थकान तथा लंबे समय तक अस्वस्थ रहना, बलगम में खून आना तथा गर्दन की ग्रंथियों में सूजन व दर्द रहना है।

ट्यूबरकूलीन स्किन टेस्ट तथा टीबी ब्लड टेस्ट दोनों सुरक्षित : सेंटर फार डिजिज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक गर्भवती महिलाओं में टीबी खतरनाक है। गर्भावस्था में टीबी का इलाज जटिल होता लेकिन इसका इलाज नहीं किये जाने पर यह गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक होता है। गर्भावस्था में ट्यूबरकूलीन स्किन टेस्ट तथा टीबी ब्लड टेस्ट दोनों सुरक्षित हैं। इसके अलावा बलगम की जांच और फेफड़ों का एक्सरे किया जाता है। गर्भवती महिलाओं में टीबी का सही समय पर पता चल जाने से इलाज संभव है। गर्भवती के टीबी का इलाज नहीं होने से शिशु को भी टीबी की संभावना रहती है।

बीमारी को न करें नजरअंदाज

सिविल सर्जन सह सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि अगर लड़की शादीशुदा है और पीरियड में किसी भी तरह की दिक्कत हो रही या यौन संबंधों के समय बहुत ज्यादा दर्द हो रहा, वेजाइनल डिस्चार्ज भी ज्यादा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। किसी भी तरह के टीबी की शिकार महिलाओं के यूटरस में टीबी होने की आशंका 30% बढ़ जाती है। 5-10% महिलाओं में हाइड्रो साल्पिंगिटिस की समस्या होती है, जिसमें फैलोपियन ट्यूब में पानी भर जाता। यह भी इन्फर्टिलिटी की वजह बनता है। टीबी बैक्टीरिया मुख्य रूप से फैलोपियन ट्यूब को बंद कर देता है, जिससे माहवारी नियमित नहीं आते। महिला में पेट के निचले हिस्से में बहुत दर्द होता है और महिला गर्भधारण नहीं कर पाती।

भदवर गांव में दहेज के लिए दो दिनों में मौत के घाट उतार दी गईं दो महिलाएं

भोजपुर में बाइक और रुपयों के लिए विवाहिता की हत्या, मुकदमा दर्ज; पति व सास गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

■ मारपीट के बाद जबरन जहर देकर मार डाली गयी विवाहिता

■ पोस्टमार्टम के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

जिले में दहेज के खातिर फिर एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी। मारपीट करने के बाद जहर देकर उसे मार डाला गया। विवाहिता का कसूर इतना था कि उसके मायके वालों द्वारा दहेज में बाइक की मांग पूरी नहीं की जा सकी। घटना चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव की है। तीन दिनों में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का यह दूसरा मामला है। मृतका भदवर गांव निवासी रंजीत महतो की 24 वर्षीया पत्नी पूजा देवी थी। उसकी शादी चार माह पहले हुई थी। हत्या का आरोप उसके पति, सास और सौतेली बेटी पर लगाया गया है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। रंजीत महतो रेलवे कर्मचारी है और फिलहाल पटना में पोस्टेड है। रंजीत महतो और उसकी पत्नी पूजा देवी की यह दूसरी शादी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भदवर गांव में दो दिन में दहेज हत्या की यह दूसरी घटना है। बता दें कि शनिवार की रात भी दहेज के लिए जबरन जहर देकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गयी थी।

अस्पताल में रोते बिलखते परिजन

दहेज में बाइक और पैसे की हो रही थी मांग : विवाहिता पूजा देवी के रिश्ते के भाई वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नवंबर 2022 में पूजा की शादी भदवर गांव निवासी रंजीत महतो के साथ हुई थी। दोनों की कोर्ट मैरिज हुई थी। शादी के समय दहेज दी गयी थी। तब बाइक की बात नहीं हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति, सास और सौतेली बेटी द्वार बाइक और 50 हजार रुपये की मांग की जाने लगी थी। उसे लेकर पूजा के साथ मारपीट भी की जाने लगी थी। दो दिन पूर्व ही पूजा ने अपने फूफा को फोन कर इस बात की जानकारी दी थी। कहा था कि उसके पति, सास और एक सौतेली बेटी द्वारा उसके साथ मारपीट की जा रही है। उसके बाद उन लोगों ने उसी गांव में रहने वाले कुछ रिश्तेदार को फोन किया था। तब वे लोग पूजा के घर पहुंचे थे और उसे बचाया था। सोमवार की सुबह उन रिश्तेदारों से द्वारा फोन से सूचना मिली ससुराल वालों ने पूजा की हत्या कर दी है। उस पर वे लोग भदवर गांव पहुंचे और स्थानीय थाने को सूचना स्थानीय थाना को दी।

पहले पति से तलाक के बाद पूजा की रंजीत सिंह से हुई थी दूसरी शादी

पहले पति से अनबन और तलाक के बाद सुखी जीवन के लिए पूजा ने भदवर गांव के रंजीत महतो से दूसरी शादी की थी। लेकिन उसकी दूसरी शादी घातक साबित हो गयी। पति रंजीत महतो दहेज के लिए उसका कातिल बन बैठा। पूजा के रिश्ते के भाई वीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार पूजा की पहली शादी छह वर्ष पहले संदेश थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी अप्पू महतो से हुई थी। हालांकि किसी कारण उन दोनों का तलाक हो गया। इधर, रंजीत महतो की पहली शादी पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद दोनों ने पिछले साल नवंबर में शादी की। रंजीत को पहली पत्नी से दो बेटी और एक बेटा था। पूजा को कोई संतान नहीं था। पूजा अपने दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके माता-पिता करीब 20 वर्षों से पंजाब में प्राइवेट काम कर अपने परिवार का पेट पालते है।

एक नजर

गया डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने जिला नियंत्रण कक्ष का किया औचक निरीक्षण

गया। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने सोमवार को जिला नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया। जिला नियंत्रण कक्ष में गर्मी के मौसम में संभावित पेयजल की समस्या होने की स्थिति की जानकारी लेने के लिए तथा जिले में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में बंद पड़े सार्वजनिक चापाकलों का सर्वेक्षण करवाया गया था। जिसके पश्चात प्राप्त सर्वेक्षण सूची के आलोक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग गया के टीम द्वारा उन सभी चापाकल का मरम्मत करवाया जा रहा है। चापाकल मरम्मत का कार्य पूरी गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष से ही मरम्मत उपरांत उपलब्ध करवाए गए चापाकलों की सूची के आधार पर स्थानीय लोगों से क्रॉस चेक फोन के माध्यम से चापाकल मरम्मत संबंधित जानकारी ली जाती है। इन्हीं सब बिंदुओं पर जिला पदाधिकारी ने पूरी विस्तार से आज निरीक्षण के दौरान जानकारी ली, जानकारी लेने के दौरान बताया गया कि कुछ टोलो में चापाकल मरम्मत हेतु पीएचईडी द्वारा दावा किया जा रहा है, परंतु स्थानीय लोगों द्वारा मरम्मत नहीं होने की बात बताई जा रही है। उन सभी संबंधित क्षेत्रों में पुनः जब तक चापाकल मरम्मत ना हो तब तक फॉलोअप करते रखने का निर्देश दिए हैं। तथा यह फिर निर्देश दिए कि जितनी बार कॉल करेंगे तथा कॉल आएंगे उन सभी चीजों का पूरी अच्छे तरीके से रजिस्टर संधारित करें।

छात्रों की उपस्थिति बढाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें अधिकारी: जिलाधिकारी

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा घोषी प्रखंड के परावन पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अपराह्न 01:00 बजे तक बीडीओ, घोषी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, घोषी अनुपस्थित पाये गये, जिला पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण करते हुए वेतन भुगतान पर रोक लगाया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा उवि, परावन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति काफी कम पाया गया तथा कुछ छात्र पोशाक में नहीं थे, उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि छात्रों की उपस्थिति बढाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें तथा छात्रों का पोशाक में शत प्रतिशत आना सुनिश्चित करायें विद्यालय के शौचालय में ताला बंद पाया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि विद्यालय अवधि में सभी विद्यालयों में शौचालय खुला रहे तथा स्वच्छ रहे, ताकि छात्र उसका उपयोग कर सके। निरीक्षण में परावन स्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेता निरंजन कुमार का दुकान बंद पाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में परावन के वार्ड नंबर 14 नल जल योजना का निरीक्षण में कुछ घरों में पानी की आपूर्ति में समस्या पाया गया। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निदेश दिया गया कि उक्त वार्ड में सर्वे करा कर जिन घरों में समस्या है, उसका निदान कर जल की समस्या को दूर करेंगे। साथ ही जहां-जहां पानी का लिकेज है उसको ठीक करायें तथा जो व्यक्ति नल जल के पानी को पटवन में उपयोग कर रहे हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे, किसी भी परिस्थिति में पानी की बबार्दी न हो सुनिश्चित करेंगे। पंचायत में जितने भी विखंडित चापाकल है, उसे ठीक कराया जाए। सभी खराब चापाकलों को अविलंब मरम्मति कराने का निदेश दिया गया।

पोषण पखवाड़ा का किया गया समापन

जहानाबाद। पोषण पखवाड़ा-2023 के अवसर पर सोमवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय, सदर ग्रामीण में पोषण पखवाड़ा के समापन दिवस माया गया। इस मौके पर स्वस्थ्य बालक/बालिका पारितोष वितरण प्रतियोगिता एवं मिलेट रेसीपी/पारंपरिक रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रष्मि सिन्हा, डीपीओ आईसीडीएस, डॉ कुमार, एसएमओ, शुचिस्मिता पद्म, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद ग्रामीण तथा सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। इसमें अभय राज माता संजना कुमारी प्रथम पुरस्कार, रितिक कुमार माता माधुरी देवी द्वितीय पुरस्कार एवं अंशिका कुमारी, माता ममता देवी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। शेष सभी उपस्थित बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा बनायी गयी श्री अन्न से संबंधित व्यजनों की प्रदर्शनी लगायी गयी। साथ ही इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। पोषण पखवाड़ा के दौरान बेहतर कार्य करने वाली 14 सेविकाओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

27 साल पहले चार लोगों की हत्या के मामले में 14 आरोपी दोषी करार

जहानाबाद। 27 वर्ष पूर्व चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने व एक अन्य को जख्मी करने के मामले में सोमवार को सुनवाई पूरा करने के उपरांत एडीजे-2 जावेद अहमद खान की अदालत ने प्रतिबंधित संगठन के धनंजय यादव, वृंदा यादव, सुशील कुमार, मिथिलेश यादव, विपिन यादव, राजेंद्र यादव, रामकृष्ण यादव, बैजनाथ यादव, अजय यादव, चंद्र घोष यादव, दया सिंह, उपेंद्र यादव, नरेश यादव तथा नागेंद्र यादव को दोषी करार दिया है। दोषी करार लोगों के सजा के बिंदु पर सुनवाई 12 अप्रैल को होगी। यहां बता दें कि न्यायालय ने धर्मदेव यादव, भगवान यादव, बालेश्वर यादव, विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र सिंह तथा रामराज यादव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहाई का फैसला सुनाया। बताते चलें कि इस मामले में करपी थाने में दर्ज कराया था। सूचक ने आरोप लगाया था की गांव के लोग सिंचाई को लेकर आहर में पानी जमा किए थे। 8 अगस्त 1996 को निगरानी दल के भरत सिंह मंगल सिंह रामनिवास सिंह नवलेश सिंह प्रमोद कुमार भोला सिंह कारू कुर्मी गंगु कुर्मी समेत कई लोग खाना खाकर बांध के समीप झोपड़ी में बैठकर बातचीत कर रहे थे। मध्य रात्रि के करीब 30 से 40 की संख्या में हरवे हथियार से लैस लोग आकर झोपड़ी को घेर लिया तथा उपस्थित लोगों के साथ लाठी डंडे से मारपीट करने लगा। साथ ही गोली चला कर भरत सिंह, मंगल सिंह, रामविलास सिंह एवं नॉलेश सिंह की हत्या कर दी। जबकि प्रमोद कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

ससुराल में मिला विवाहिता का शव, घर वालों ने हत्या का लगाया आरोप

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिले के मखदुमपुर प्रखंड के टेहटा ओपी क्षेत्र के पकाही गांव में उस समय सनसनी मच गई जब एक विवाहिता का शव उसके ससुराल में फंदे से लटका मिला। जानकारी के मुताबिक मखदुमपुर प्रखण्ड के टेहटा ओपी क्षेत्र के सुगांव पंचायत के टोला पकाही में तारा कांक कमल 30 वर्ष नामक महिला की शव उसके ससुराल के कमरे में फंदे से लटका मिला है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

इधर पुलिस के आने पहले उसके ससुराल वाले घर छोड़ कर फरार हो गए है। वहीं महिला के भाई ने बताया कि 2014 में उन्होंने अपनी बहन की शादी पकाही में दीपू पासवान से की थी, जो बिहार पुलिस का जवान है। फिलहाल वो पटना में कार्यरत है। जिसके 2 छोटी बचिया है। मृतिका के घर वालों ने बताया कि पति अक्सर दहेज की खातिर उनके साथ मारपीट किया करता था। मिर्तिका के भाई के आरोप के मुताबिक उन्होंने दहेज में 2 व्हीलर दिया गया था। लेकिन ससुराल वाले 4 व्हीलर का डिमांड कर रहे थे। वही महिला के परिवार वालो ने इसी बात को लेकर हत्या का आशंका जताया है। साथ ही मिर्तिका की भाभी ने उसके पति दीपू पासवान का अपनी चचेरी भोजाई से अवैध संबंध का भी आरोप लगाया है। वहीं फिलहाल घटना की सूचना पाकर टेहटा ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश दल बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं टेहटा ओपी अध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है। किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

♦ दहेज की खातिर या अवैध संबंध के खातिर हुई विवाहिता की हत्या, जांच का विषय

जिलाधिकारी ने हार्वेस्टर मालिकों को एसएमएस के साथ ही हार्वेस्टर चलाने का दिया निर्देश

पराली जलाने वालों पर होगा एफआईआर, नहीं मिलेगा अनुदान: डीएम

● फसल अवशेष प्रबंधन पर हुई कार्यसमूह की बैठक

केटी न्यूज/बक्सर

खेतों में पराली जलाने वालों पर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इस बार रबी फसलों की कटाई शुरू होने से पहले ही जिला प्रशासन ने अपना मंशा साफ कर दिया है। सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम अमन समीर की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन पर कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि खेतों में पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है। इसका दुष्प्रभाव मानव जीवन पर अत्यधिक प्रतिकूल पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेतों में पराली जलाने से हमारा पर्यावरण बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा तथा उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले सभी अनुदान व लाभ रोक दिए जाएंगे। डीएम ने अपने मातहतों को इसे सख्ती से लागू करने के लिए कहा कि हमें टीम भावना से इस दिशा में साकारात्मक कार्य करना होगा। तभी हम अपने लक्ष्य में सफल हो सकते है।

डीएम ने हार्वेस्टर संचालाकों को भी गाइड लाइन की जानकारी दी और बताया कि हार्वेस्टर संचालक एसएमएस (स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम) लगाकर ही हार्वेस्टर संचालित करें। उन्होंने हार्वेस्टर संचालकों को किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित करने को कहा। सभी हार्वेस्टर मालिक कृषि विभाग से परमीट प्राप्त कर ही हार्वेस्टर का संचालन करेंगे, अन्यथा बिना परमीट के हार्वेस्टर संचालन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिला पदाधिकारी ने कृषि समन्वयक, बीटीएम, एटीएम को निर्देश दिया कि सम्बंधित के क्षेत्र में पराली नहीं जले, इस पर अनवरत निगरानी रखे। औचक निरीक्षण के दौरान जो व्यक्ति पराली जलाते हुए पाया जाता है तो उस पर सीआरपीसी की धारा 133 के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी।

पंचायतों में जागरूकता फैलाने के लिए मुखिया से की अपील : डीएम ने जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से अपने-अपने पंचायतों में पराली नहीं जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने की अपील की है। उन्होंने मुखिया से ग्राम स्तर पर सभा आयोजित कर किसानों को फसल प्रबंधन पर चर्चा कर पराली नहीं जलाने का संकल्प दिलाते हुए जागरुक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुखिया किसानों को बताए कि खेतों में पराली जलाने से किस तरह मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है तथा इससे पर्यावरण को किस कदर नुकसान पहुंच रहा है। आगे उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर अंतर्विभागीय कार्य-समूह में जुड़े सभी पदाधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा फसल अवशेष पर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश में बक्सर जिला का तापमान अव्वल दर्जे पर है। इस परिस्थिति में पराली जलाना भीषण तबाही को न्योता देना है। इसके लिए विभाग द्वारा जागरुकता के लिए प्रचार-प्रसार, योजनाओं में प्रोत्साहन, दण्डात्मक कार्रवाई, फसल अवशेष को मूल्य संवर्धन इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।

क्या है एसएमएस : एसएमएस यानी स्ट्रा मैनेजेमेंट सिस्टम वह उपकरण है जिसके माध्यम से फसलों की कटाई करने पर फसल अवशेष इकट्ठा होते रहते हैं। यह यंत्र फसलों को छोटे-छोटे टुकड़े में काटता है, जिससे किसान इसे जलाए बिना अगली फसल की बुवाई कर सकता है।

खबरें फटाफट

परीक्षा में फेल होने पर घर से भागा किशोर

नावानगर। सिकरौल थाना के भदार गांव का एक किशोर मैट्रिक की परीक्षा परिणाम घोषित होते ही घर से भाग गया है। किशोर को भागे तीन दिन बीत गया। इसके बावजूद वह वापस घर नहीं लौटा है। इसको लेकर परिजन काफी परेशान हैं। किशोर के पिता ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका पुत्र मैट्रिक का परीक्षा दिया था। परिणाम घोषित होने के दिन से वह गायब है। पिता ने बताया कि दो दिनों तक उसकी खोजबीन की गई। पर कहीं भी उसका सुराग नहीं मिल पाया है। यहां तक की उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। उन्होंने बताया कि उसके मित्रों से पूछने पर पता चला है कि वह फेल हो गया है। उन्होंने बताया कि खोजबीन करने के बाद जब वह नहीं मिला, तब उन्होंने किशोर के गायब होने की सूचना सिकरौल थाने को दे दी गई है। लेकिन थानाध्यक्ष ने परिजनों से आवेदन लेने से इंकार कर दिया है।

जमीन विवाद में मारपीट, पांच पर केस दर्ज

नावानगर। वासुदेवा ओपी के पीलापुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में एक युवक के सर पर चोट के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक अटल कुमार को पुलिस ने नावानगर सीएचसी में इलाज कराया जा रहा है। इधर जख्मी युवक के पिता सुरेन्द्र सिंह ने थाना में गांव के ही राजेन्द्र सिंह समेत पांच लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तत्काल करवाई करते हुए आरोपित राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य की तलाश जारी है।

प्रीतम की हत्या के मामले में बलिया में प्राथमिकी दर्ज, नेनुआ में पसरा मातम

केटी न्यूज/डुमरांव/बलिया

❒ जख्मी निशु का वाराणसी में चल रहा इलाज, हालत गंभीर

रविवार की देर शाम उत्तर प्रदेश के बलिया जिला अंतर्गत देवकली चट्टी पर भीड़ द्वारा पीटे जाने के कारण डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी 25 वर्षीय प्रीतम पाठक की मौत हो गई है। जबकि इसी गांव का निशु पाठक (17 वर्षीय) को भी गंभीर चोटें आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। जहा गहन चिकित्सा कक्ष में उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद नेनुआ गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। वही मृतक के परिजन गहरने सदमे में है। बता दें कि मृतक प्रितम पाठक पिता भुआली पाठक अपने घर का कमाउ पूत था। वह किसी एनजीओ से जुड़ अच्छी आमदनी कर अपने परिवार के जीविकोपार्जन का मुख्य आधार बना हुआ था। तीन भाईयों में सबसे छोटा प्रितम शुरू से ही मेधावी थी। यही कारण है कि उसकी मौत से परिवार को गहरा सदमा लगा है। पिता भुआली पाठक के साथ ही माता मनन देवी का रो रोकर बुरा हाल है। जबकि दोनों बड़े भाई भी अपने छोटे भाई की मौत के सदमें को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे है।

बताया जाता है कि वह रविवार को अपने गांव के निशु पाठक के साथ बलिया के बहादुरपुर में किराए के मकान में रह रही अपनी मौसी से मिलने गया था। वहां से शाम में घर जाने के लिए निकला था। लेकिन

देवकली चट्टी पर दर्जनों की संख्या में पहले से घात लगाए खड़े युवकों ने उन्हें घेरकर लाठी डंडे से पिटाई की थी। जिससे प्रितम व निशु गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बलिया सदर अस्पताल पहुंचाया था। जहां डॉक्टरों ने प्रितम को मृत घोषित कर दिया था। वहीं निशु की चोट को भी गंभीर बता उसे बनारस रेफर किया गया। निशु के पिता पारस पाठक ने बताया कि ट्रामा सेंटर में उसका इलाज चल रहा है। उसके सर में गंभीर चोटें आई है। हालांकि हमलावार कौन थे तथा उनकी इन दोनों से क्या दुश्मनी थी इस सवाल का जबाव उनके पास नहीं था। गांव में भी इस घटना के बाद मायूशी छाई है। परिजनों के अनुसार प्रीतम का शव सीधे बक्सर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू, बलिया एएसपी ने कहा-जल्द होगी दोषियों की गिरफ्तारी

देवकली गांव स्थित वन बिहार मोड़ के पास रविवार की देरशाम हुई युवक की हत्या के मामले में सुखपुरा पुलिस ने सोमवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मामले में जो भी दोषी होंगे जल्द ही वे पुलिस के गिरफ्त में होंगे। हालांकि, मामले में सुखपुर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने के साथ ही एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सिमरी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर मोड़ के पास देर रात लुटेरों ने घटना को दिया अंजाम

चाय कैफे संचालक से गन प्वाइंट पर बाइक नकदी व मोबाइल की लूट, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/सिमरी

- कैफे बंद कर घर वापस लौट रहा था व्यवसायी सुंदरपुर मोड़ के समीप लुटेरों ने घेरा लिया
- पीड़ित की बाइक लूटी व उसी से भाग निकले अपराधी, घर जा कर परिजनों को सुनाई आपबीती

लूट का शिकार कैफे संचालक

रविवार की देर रात बेखौफ लूटेरों ने गन प्वाइंट पर एक व्यवसायी से बाइक, नकदी व मोबाइल लूट लिए है। घटना रविवार की रात करीब 9:30 बजे आशा पड़री नियाजीपुर पथ पर स्थित सुंदरपुर मोड़ के पास की है। पीड़ित व्यवसायी ने इस मामले में सिमरी थाने में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि कुछ महीना पहले भी इस जगह पर लूट की वारदात हुई थी। लूट का शिकार बना व्यवसायी भूपेन्द्र सिंह पिता रामबिहारी सिंह सहियार गांव का ही रहने वाला है तथा वह भोजपुर जिले के जगदशीपुर में चाय कैफे का संचालन करता है।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात वह अपने कैफे को बंद कर वापस गांव आ रहा था। जैसे ही वह आशा पड़री से आगे बढ़ा कि सुंदरपुर मोड़ के पास तीन की संख्या में मौजूद लूटेरों ने बांस से मार उसे बाइक से गिरा दिया तथा कनपटी पर कट्टा भिड़ा उससे बाइक की चाबी, वीवो कंपनी का मोबाइल तथा पर्स लूट ली। इस दौरान तीनों ने मिलकर उसकी पिटाई भी की। पर्स में 10 हजार रुपए नकद के अलावा आधार कार्ड, एटीएम व पैन कार्ड सहित कई अन्य कागजात थे। इसके बाद उसी की स्पलेंडर बाइक पर बैठ तीनों पड़री की तरफ भाग निकले। थोड़ी देर बाद वह जैसे तैसे घर पहुंचा तथा परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन उसे लेकर रात में ही सिमरी थाना पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही सिमरी पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा लूटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया। लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी। लूटेरें सुरक्षित भाग निकले थे।

घटना के बाद सहमें है लोग

बता दें कि कुछ महीना पहले इसी जगह पर नारायणपुर के एक युवक से भी लूट की वारदात हुई थी। वही अब इस घटना के बाद इलाके के लोग डरे सहमें है। खासकर व्यवसायियों में लूटेरों का खौफ बन गया है। इस घटना ने पुलिस गश्त पर भी सवाल उठाए है। बता दें कि आशा पड़री नियाजीपुर पथ दियारा इलाके का सबसे महत्वपूर्ण पथ है। जनेश्वर मिश्र सेतु बनने के बाद इस पथ पर परिचालन भी बढ़ गया है। बावजूद पुलिस इस पथ में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा नहीं ले रही है। जिससे चोर उचक्कों के साथ ही लूटेरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। गौरतलब है कि करीब एक दशक पहले सुंदरपुर मोड़ का इलाका चोर उचक्कों के लिए कुख्यात था।

घटना से कुछ दूर फेंके मिले कागजात

पीड़ित के भाई सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह में पड़री से कुछ पहले सड़क किनारे लूटेरों द्वारा फेंका गया मेरे भाई का आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा कुछ अन्य कागजात मिले है। लेकिन लूटेरों का सुराग नहीं लगने से पूरा परिवार चिंतित है।

लूटेरों को चिन्हित करने का प्रयास जारी

सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने कहा कि पीड़ित का आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उन्होंने कहा कि लूटेरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक नजर

बक्सर में हिन्दी रंगमंच दिवस पर देर रात तक लगा रहा कवियों का जमावड़ा

बक्सर। डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ बक्सर 'डाब' के तत्वावधान में स्थानीय रेड क्रॉस भवन में हिंदी रंगमंच दिवस कार्यक्रम के तहत देर रात कवि-सम्मेलन का कार्यक्रम चला। जिसमें उतर प्रदेश व बिहार के लब्ध प्रतिष्ठित कवि-वृन्द का कवि सम्मेलन चला। जहा मुख्य रूप से उतर प्रदेश के चर्चित व प्रख्यात मंच उदघोषक व कवि जय प्रकाश जिद्दी, फजीहत गहमरी व हेमंत निर्भिक थे। जिन्होंने अपने दमदार व राष्ट्रीय कविता से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही बिहार के जाने माने कवि शिव बहादुर पाण्डेय 'प्रीतम', रामेश्वर प्रसाद 'बिहान', महेश्वर ओझा, महेश, रामधार सिंह, डा ओमप्रकाश केशरी 'पवननंदन' ने अपनी कविता से सभी उपस्थित दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर के चर्चित व प्रख्यात रंगकर्मी सह अधिवतका सुरेश संगम तथा संचालन रेडक्रास सचिव डॉ. श्रवण कुमार तिवारी ने किया। कवि सम्मेलन के बीच मे प्रख्यात गायक व नायक गोपाल राय अपने गीत-संगीत से सभी को झूमा दिए। उक्त अवसर पर डॉ. सीएम सिंह, डा महेंद्र प्रसाद, अनिल त्रिवेदी, प्रदीप जायसवाल, रमेश कुमार, डॉ. शशांक शेखर, कुमार प्रशान्त, अभिषेक जायसवाल, रवि वर्मा, मनीष मिश्र, शायम जी, रवि शर्मा, रामस्वरूप अग्रवाल, डा ओमप्रकाश केशरी पवननंदन, आर्यन जायसवाल, निर्मल सिंह आदि उपस्थित थे।

पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, दो जख्मी

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एन एच 922 पर कुटी डेरा नुआंव गांव के समीप सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर पहुची पुलिस के सहयोग से दोनों जख्मी युवकों का प्राथमिकी उपचार डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। हालांकि प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर पटना रेफर कर दिया गयाहै। मिली जानकारी के अनुसार नुआंव गांव निवासी ऋखि पाल के 24 वर्षीय पुत्र राजू पाल एवं नारायन पाल के 22 वर्षीय पुत्र अमरेश पाल बाइक पर सवार होकर डुमरांव रेलवे स्टेशन आ रहे थे। कुटी डेरा के पास पीछे से तेज गति में आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर होने के कारण पिकअप चालक अपना सलतुलन खो बैठा जिसके बाद सड़क किनारे स्थित पेड़ से पिकअप टकरा गई। मौका का फायदा उठाते हुए चालक घटना स्थल से फरार हो गया। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जयजा लिया। दोनों जख्मी युवकों का इलाज फिलहाल पटना स्थित ट्रामा सेंटर में चल रहा है, जहां एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जाती है। इस संबंध में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जख्मियों को तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई है। पिकअप को जब्त कर लिया गया है। चालक की पहचान की जा रही है।

संयुक्त कृषि भवन में विदाई समारोह का आयोजन

बक्सर। संयुक्त कृषि भवन के सभागार में सोमवार को अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रविभूषण प्रसाद एवं कार्यालय परिचारी बिगन राम का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि रविभूषण प्रसाद जिला कृषि कार्यालय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनका चयन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् में वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। वहीं, कार्यालय परिचारी बिगन राम सेवानिवृत हुए हैं। दोनों लोगों की विदाई के लिए समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि पदाधिकारी एवं कर्मी का स्थान परिवर्तन होता है। इस अवधि में पदाधिकारी अथवा कर्मी की अच्छाइयां ही अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन जाती है। संबंधित कर्मी अथवा पदाधिकारी स्थान परिवर्तन के बाद भी उपरोक्त आचरण से जहां भी रहे, वहां सूरज के किरणों की तरह प्रकाशित करते रहे। मौके पर सहायक निदेशक, प्रक्षेत्र शेखर किशोर, सहायक निदेशक, रसायन श्रीमती वसुंधरा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा बेबी कुमारी, कृषि कार्यालय के लिपिक शशीकांत मिश्र, प्रमोद कुमार, राकेश कुमार, बिरेन्द्र कुमार, मंतोष कुमार, आनंद कुमार, प्रियंका कुमारी, शकुंतला देवी, श्वेता कुमारी, आत्माकर्मी विकास कुमार राय, रघुकुल तिलक, चंदन कुमार सिंह, त्रिपुरारीशरण सिन्हा, सत्येन्द्र राम, दीपक कुमार इत्यादि कर्मी उपस्थित थे।

नावानगर में 200 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्कार्पियो जब्त

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के एन एच 319 स्थित इकिल गांव के पास 200 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने तस्करों की स्कार्पियो वाहन भी जब्त कर किया है। गिरफ्तार दोनों शराब तस्कर भोजपुर जिला अंतर्गत अगियांव बाजार थाना क्षेत्र के बीरपुर निवासी संजय सिंह पिता स्व. भिखारी सिंह तथा बंशीटोला निवासी बीर बहादुर सिंह पिता दलिपन सिंह है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियो से महुआ शराब की खेप हाईवे के माध्यम कड़सर गांव की तरफ जा रही है।

सूचना पर सोनवर्षा ओपी पुलिस ने इकिल गांव के पास हाईवे पर अपनी जाल फैलाया। थोड़ी देर बाद महुआ शराब लदी स्कार्पियो वहां पहुंची। पर पुलिस द्वारा बिछाया गया जाल से तस्कर पूरी तरह फंस गए। जब शराब तस्कर ने देखा कि स्कार्पियो के साथ अब भाग निकलना मुश्किल है, तो दोनों तस्कर स्कार्पियो छोड़ भागने लगे। पुलिस के जवानों ने पीछा कर दोनों तस्करों को धर दबोचा। साथ ही स्कार्पियो की तलाशी लिया।

जब्त शराब व गाड़ी के साथ गिरफ्तार

तलाशी में 6 प्लास्टिक की बोरी में रखे महुआ शराब पुलिस के हाथ लग गई। जिसके बाद शराब की खेप व तस्कर के साथ स्कार्पियो को जब्त कर ओपी ले आए। साथ ही गिरफ्तार दोनों तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि करीब 200 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तस्कर के पास से एक स्कार्पियो को भी जब्त किया है।

सिमरी में पीडीएस दुकान से मिला प्लास्टिक का चावल, उपभोक्ता ने की मुखिया से शिकायत

केटी न्यूज/सिमरी

काजीपुर पंचायत के चकनी गांव के पीडीएस दुकानदार बिनोद चौधरी पर उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार करने तथा कम तौल देने का मामला अभी तूल पकड़ा ही है कि अब इस पीडीएस दुकानदार के खिलाफ कुछ उपभोक्ताओं ने खाद्यान्न में प्लास्टिक का चावल देने का आरोप लगाया है। आरोप लगाने वाले उपभोक्ता हीरालाल व कंचन देवी ने बताया है कि बिनोद डीलर के यहां से जो चावल मिला है, उसमें प्लास्टिक के चावल भी है।

उपभोक्ताओं की मानें तो खाना पकाने के पहले जब वह चावल चुन रही थी तो उसमें कई चावल सामान्य से बड़े साइज के थे जो देखने में प्लास्टिक के चावल जैसे लग रहे है। उपभोक्ता ने इसकी शिकायत पंचायत के मुखिया से लगायत स्थानीय प्रशासन से की है।

शिकायत करने वाली उपभोक्ता

खाद्यान्न में मिला प्लास्टिक का चावल

- काजीपुर पंचायत के चकनी गांव के पीडीएस दुकान का है मामला

काजीपुर पंचायत के मुखिया इम्तियाज अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि चकनी के कई उपभोक्ताओं ने डीलर द्वारा प्लास्टिक का चावल दिए जाने की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत बीडीओ से की गई है। गौरतलब है कि इसके पहले डीलर बिनोद चौधरी पर उनके दो उपभोक्ताओं ने कम तौल देने तथा दुर्व्यवहार का आरोप लगा अनुमंडल लोक शिकायत तक का दरवाजा खटखटाया था। इस संबंध में डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

एसजेवीएन रजत जयंति के अवसर पर मेरिट स्कॉलरशिप के तहत 18 छात्रों को दिया गया चेक

हौसलाअफजाई: इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

- अब तक 275 छात्रों को स्कॉलरशिप का लाभ दे चुकी है कंपनी

केटी न्यूज/चौसा

चौसा में 1320 मेगावाट थर्मल पॉवर प्लांट के निर्माण में लगी एसजेवीएन कंपनी ने सोमवार को अपने स्थापना का रजत जयंति समारोह मनाया। इस मौके पर कंपनी ने 2022 व 2023 में इंटरमीडिएट में अच्छे नंबर लाने वाले चयनित कुल 18 छात्रों को छात्रवृति की राशि दी है। यह लाभ कंपनी के निगमित सामाजिक दायितत्व के तहत परिजयोजना क्षेत्र के छात्रों को मेरिट स्कॉलरशिप योजना के तहत दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा 2023 में पास 15 तथा पिछले वर्ष पास होने वाले 3 समेत कुल 18 छात्रों को 24-24 हजार रूपए का चेक प्रदान किया है। यह चेक कंपनी के सीईओ मनोज कुमार ने अपने हाथों दिया है। छात्रवृति पाने वाले छात्रों के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गई। छात्रवृति वितरण समारोह एसटीपीएल के चौसा कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुआ था। इसे दौरान एसटीपीएल के मुख्य वित्तीय अधिकारी अभय शंकर शुक्ला, महाप्रबंधक (यांत्रिकी) एवं मानव संसाधन विभाग के वरीय प्रबंधक प्रवीन गुप्ता एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग की फील्ड ऑफिसर आकांक्षा राज ने किया।

छात्रा को सम्मानित करते कंपनी के अधिकारीगण

सामाजिक दायित्वों के तहत दिया गया छात्रवृति : इस संबंध में कंपनी सीईओ मनोज कुमार ने बताया कि सीएसआर फंड के तहत कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के लिए परियोजना क्षेत्र में मेधावी छात्रों को छात्रवृति के साथ ही कई अन्य तरह की लाभकारी योजनाएं चलाती है। इसके तहत कंपनी आगे भी परियोजना क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ देते रहेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी के 25 वर्ष पूरा होने पर 18 मेधावी छात्रों को 24 हजार की दर से कुल 4 लाख 32 हजार रूपए का चेक बांटा गया है। उन्होंने मेधावी छात्रों को चेक देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने 25 वर्षों के सफर में अबतक 275 मेधावी छात्रों को इस योजना का लाभ दे चुकी है।

बनारपुर के 8 छात्रों को मिला लाभ : हाल ही में भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर आंदोलन करने वाले बनारपुर के छात्रों को इस योजना का सबसे अधिक लाभ मिला है। जानकारी के अनुसार बनारपुर के 8 छात्रों का चयन कंपनी द्वारा छात्रवृति देने के लिए किया गया था। इसके अलावे सिकरौल से 01, चौसा से 02, अखौरीपुर गोला से 01,कठघरवा से 01, धनसोई से 01, एवं बक्सर से 01 विद्यार्थी को मिला कर कुल 15 विद्यार्थी को सिल्वर जुबिली मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के अन्तर्गत छात्रवृति दी गई है। जबकि पिछले सत्र के तीन छात्रों को भी छात्रवृति का लाभ मिला है।

करोड़ों की ठगी के आरोपी उपेंद्र राय की साली का आलीशान मकान कुर्क

केटी न्यूज/बलिया

फ्रॉड गिरोह की महिला सदस्य और सरगना उपेंद्र राय की साली सृष्टि राय की हैबतपुर स्थित करीब 24 लाख की अचल संपत्ति पुलिस प्रशासन और राजस्व टीम ने रविवार को कुर्क कर लिया। गाजीपुर की डीएम आर्यका अखौरी के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है। आरोप है कि सृष्टि ने अपराध के जरिये संपत्ति अर्जित की है। सृष्टि के खिलाफ करीमुद्दीनपुर थाने और लखनऊ के विभूति खंड थाने में मुकदमा दर्ज है।

लखनऊ के साथ देश के अन्य राज्यों के लोगों के साथ करोड़ों की ठगी के आरोपी उपेंद्र राय ने माता, पिता, पत्नी और रिश्तेदारों को मिलाकर गिरोह बनाया था। ये लोगों को ठगते थे। उपेंद्र के गिरोह न सिर्फ नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से ठगी की बल्कि कई कारोबारियों, अफसरों एक पुलिस इंस्पेक्टर और एक सीनियर टीवी जर्नलिस्ट को भी ठगी का शिकार बनाया।



जिला कारागार गाजीपुर में बंद है सृष्टि राय : यहीं तक नहीं पैसा वापस मांगने पर कातिलाना हमला करना और फोन पर धमकी देने का मामला भी सामने आया। गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कुछ माह पूर्व आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया। गिरोह के सरगना उपेंद्र की साली सृष्टि राय बलिया के हैबतपुर निवासी जिला कारागार गाजीपुर में बंद है।

2.845 हेक्टेयर एरिया में कराया भवन का निर्माण : सृष्टि के मामले में मुहम्मदाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी ने विवेचना कर रिपोर्ट 28 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को दी थी। रिपोर्ट के अनुसार अपराध से अर्जित धन से सृष्टि राय ने हैबतपुर गांव में करीब 2ण्845 हेक्टेयर भूमि पर भवन निर्माण कराया है। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सात फरवरी को कार्रवाई की संस्तुति दी। डीएम के निर्देश पर जिला पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग टीम ने बलिया पहुंचकर भवन कुर्क कर लिया। इसकी कीमत 53 लाख 48 हजार रुपये है। इस संबंध में एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि फ्रॉड गिरोह का सरगना उपेंद्र राय माताए पिताए पत्नी और रिश्तेदारों के साथ मिलकर लखनऊ से लेकर अन्य राज्यों और जनपद के लोगों को ठगता था। इसके गिरोह की सदस्य सृष्टि राय ने अवैध धन से अचल संपत्ति अर्जित की है।

सुरहाताल पक्षी विहार से खेती के लिए जमीन निकालने की मांग

बलिया। सुरहाताल पक्षी विहार से जमीन बाहर निकालने की मांग को लेकर बसंतपुर क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग किया कि बसंतपुर क्षेत्र के लगभग 42 ग्राम पंचायतों के हजारों किसान जो खेती पर निर्भर है, खेती का कार्य करते हैं उपरोक्त ग्रामसभा के मौजों को यदि पक्षी बिहार के नाम आरक्षित की जाती है तो संबंधित ग्राम सभाओं के किसान अपने मुख्य पेशा खेती से वंचित हो जाएंगे। जिससे उनका परिवार भूखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा। पक्षी बिहार के नाम से कास्तकारों की जमीन अधिग्रहण किए जाना नियम विरूद्ध है। इस समय कास्तकारों द्वारा अपनी निजी भूमि पर खेती की गई है, जिसका भौतिक सत्यापन किया जा सकता है। किसानों में नित्यानंद, संजय कुमार सिंह, संतोष सिंह, अजय कुमार सिंह आदि रहे।

स्कूल चलो अभियान के नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ, डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य: डीएम

केटी न्यूज/गाजीपुर

उच्च प्राथमिक विद्यालय, बीकापुर शिक्षा क्षेत्र सदर के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान के नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डीएम आर्यका अखौरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव द्वारा पुष्प गुच्छ एवं निपुण लक्ष्य स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर के किया गया। तत्पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकापुर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में डीएम द्वारा दस बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भरकर हुआ। नए छात्रों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवें चॉकलेट भी वितरित किया गया।

■ विद्यालय की छात्राओं ने गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का किया स्वागत

जिलाधिकारी ने एमडीएम में बने भोजन को चखा और उसकी गुणवत्ता की तारीफ भी की। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए टीएलएम स्टालों का अवलोकन करते हुए प्रंशसा भी की गई। इसके उपरान्त कक्षा स्तर के अनुरूप भाषा एवं गणित विषय के निर्धारित निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले निपुण बालक एवं बालिकाओं को मुख्य अतिथि एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही कक्षा कक्ष संचालन में सकारात्मक योगदान एवं नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों को करने वाले ब्लाक के पांच सर्वोत्तम अध्यापक एवं शिक्षामित्रों और सामुदायिक सहभागिता में सक्रीय योगदान देने वाले विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को भी जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांव के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना ही हमारे अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिलाधिकारी ने यहां उपस्थित ग्रामवासियों से आवाह्न किया कि जनसमुदाय को अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन अपने नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में कराएं साथ ही नारी शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया।

सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेसिक विभाग गाजीपुर कटिबद्ध : जिला बेसिक शिक्षा हेमंत राव ने कहा कि जिस तरह पिछले शैक्षिक सत्र में शासन द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य 62389 के सापेक्ष 91785 बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान प्राप्त किया था। उसी प्रकार इस नवीन शैक्षिक सत्र में भी लक्ष्य से 20 प्रतिशत अधिक छह से 14 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेसिक विभाग गाजीपुर कटिबद्ध है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बासफोर एवं मुसहर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए न्याय पंचायत से लेकर ब्लाक स्तर तक की कार्ययोजना पर कार्य करने का विश्वास जिलाधिकारी को दिलाया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, डायट प्रवक्ता हरिओम प्रताप, एसआरजी प्रधानाध्यापक अजय कुमार, विपिन सिंह अश्वनी, अजय, श्रवण, प्रवीण, सुशील गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नीरज सिंह एवं अभिषेक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत में खंड शिक्षाधिकारी सदर अविनाश कुमार ने सभी आगुन्तकों का आभार ज्ञापित किया।

एसपी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा का औचक निरीक्षण किया, संदिग्धों से की पूछताछ

केटी न्यूज/गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सोमवार को अकस्मात मिश्र बाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बैंक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का गहनता से निरीक्षण किया। बैंक में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा बैंक सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों से सुरक्षा संबंधित जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से कहा कि बेवजह कोई भी व्यक्ति बैंक परिसर में घूमता नजर न आए। बैंक परिसर के आस पास घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें। अगर संदिग्ध दिखे तो पूछताछ करें। जिससे कोई भी घटना बैंक परिसर के आस पास न घटित होने पाए। पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव कुमार सहित कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

एसपी ने पुलिस बल के साथ खानपुर में किया रूट मार्च : पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने खानपुर थाना क्षेत्र में मय फोर्स पैदल ही साथ पैदल गस्त/रूट मार्च किया। गश्त के दौरान आम जनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार करने के लिए बातचीत किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर तथा खानपुर थानाध्यक्ष सहित अन्य फोर्स उपस्थित रही।

ईओ पर आरक्षण नियमों के उल्लंघन का लगा आरोप

बलिया। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के आधार पर चुनाव कराए जाने का उल्लंघन किए जाने पर चितबड़ागांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच के मतदाताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ईओ पर आरोप लगाया कि नगर निकाय चुनाव 2023 के उच्चतम न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के आधार पर चुनाव कराए जाने का उल्लंघन कर ईओ ने साजिश के तौर पर वार्ड नंबर पांच को अनुसूचित जाति का गलत रिपोर्ट दे दिया। बताया कि वार्ड नंबर पांच में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 56.12 प्रतिशत है। जबकि अनुसूचित जाति मात्र 19.55 प्रतिशत है। बावजूद साजिश के तौर पर ईओ अनुसूचित जाति का गलत रिपोर्ट दे दिया। जिससे वार्डवासियों में आक्रोश है। आरक्षण के नियमों का भी पालन नहीं किया गया। मांग किया कि वार्ड नंबर पांच जो अनुसूचित जाति हो गया है, उसे निरस्त करके पिछडा वर्ग का अनारक्षित किया जाए।

पुलिस महकमे में भारी फेरबदल कई थानेदारों की कुर्सी बदली

केटी न्यूज/गाजीपुर

निकाय चुनाव से पूर्व जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त -दुरुस्त करने के लिए एसपी ओमवीर सिंह ने पुलिस महकमे में भारी फेरबदल किया है। देर रात जारी आदेश के क्रम में दर्जनभर थानाध्यक्षों को इधर से उधर किया गया है।

जिसमें मुख्य रूप से थानाध्यक्ष बहरियाबाद संदीप कुमार को थानाध्यक्ष शादियाबाद, थानाध्यक्ष बिरनो केपी सिंह को थानाध्यक्ष बहरियाबाद, एसएसआई थाना करंडा राजेश बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष बिरनो, थानाध्यक्ष नगसर आनंद कुमार भारती को थाना मरदह, चौकी इंचार्ज ताजपुर कुर्रा जितेंद्र कुमार को थानाध्यक्ष नगसर, थानाध्यक्ष करंडा संपूणार्नंद राय को न्यायालय सुरक्षा प्रभारी, थानाध्यक्ष रेवतीपुर प्रशांत कुमार चौधरी को थानाध्यक्ष करंडा, एसपी पीआरओ आलोक त्रिपाठी को थानाध्यक्ष रेवतीपुर, महिला थानाध्यक्ष रेनू यादव को महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी जबकि पुलिस लाइन से शशि सिंह को थानाध्यक्ष महिला थाने पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में नंदगंज थाना इंचार्ज वंदना सिंह को सैदपुर कोतवाल जबकि सैदपुर कोतवाल शिवप्रताप वर्मा को थानाध्यक्ष कासिमाबाद, थानाध्यक्ष कासिमाबाद कमलेश कुमार पाल को थानाध्यक्ष नंदगंज एवं थाना शादियाबाद से अश्वनी कुमार सिंह को विवेचना सेल और थाना करंडा से अमित कुमार सिंह को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी तैनात किया गया है। मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह को सम्मन सेल प्रभारी बनाया गया है। जबकि न्यायालय सुरक्षा के प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा अब मरदह थाने की कमान संभालेंगे।

पुलिस प्रशासन का सख्त तेवर देख अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कम्प

बलिया। जनपद के नगर पालिका परिषद रसड़ा के प्यारेलाल चौराहा स्टेशन रोड एवं रेलवे स्टेशन के समीप क्षेत्राधिकारी मुहम्मद फहीम के नेतृत्व में अतिक्रमण के विरूद्ध जिला पुलिस प्रशासन सड़क पर उतरा। अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन का सख्त तेवर देख अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया। नगर के प्यारेलाल चौराहा पर अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या बनी रहती है। वाहनों को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना उठाना पड़ रहा है। पुलिस ने दुकानदारों से सड़क पर से दुकान का समान उठाने का निर्देश दिया है। वहीं ठेला और खेमचे वालों को भी सड़क से हटाया गया। सीओ ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि आज तो

चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जा रहा है। अगली बार अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने गलत रूट पर चलने वाले वाहनों का चालान काटा। उन्होंने वाहन चालकों को अपने रूट पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर निहार नंदन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने की समन्वय समिति की बैठक में दिए दिशा-निर्देश, कहा-

शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर हो प्याऊ की व्यवस्था

केटी न्यूज/बक्सर

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में कार्य संस्कृति एवं समन्वय की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आहूत की गई। विभिन्न विभागों के संबंधित सीएमजेसी एवं एमजेसी की समीक्षा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही, लू, भीषण गर्मी, बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दवाइयों, ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं अन्य के संबंध में सिविल सर्जन

बक्सर को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को सभी चापाकालों की मरमतती कराते हुए, तैयार हालत में रखने का निर्देश दिया। नगर क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों पर प्याऊ रखने तथा साथ ही सभी विभागों को आने वाले आगंतुकों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को सभी विद्यालयों में एमडीएम का स्वयं एवं अपने अधीनस्थ से निरीक्षण करने एवं विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था एवं चापाकलो की स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। तारो की स्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर को प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। जिन किसानों के खेतों के ऊपर से तार जा रही हो, उस खेतों की फसल को शीघ्र कटाई कराने को कहा गया। जिससे किसी भी आपदा से बचाव किया जा सके। पूर्व के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सभी अंचलाधिकारी को आपदा से संबधित सभी तैयारियों को करने, आवश्यक सामग्री का आकलन करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।

एक नजर

आशा कार्यकताओं ने किया सीएचसी पर हंगामा

गाजीपुर। सेवराई तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पर उस वक्त हंगामा हो गया जब आशाओं के द्वारा विभिन्न मांगों के तहत प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के बीच आशा संगठन दो गुटों में बट गया। दोनों गुटों के बीच कहासुनी के बाद धरना स्वतः ही समाप्त हो गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था वह धारा 144 नियंत्रण करने के लिए भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहे। जानकारी अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के आशाओं के द्वारा मानदेय व प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भोजन को लेकर किये गए अनियमितता को लेकर सोमवार को धरना प्रस्तावित था। धरना को सफल बनाने के लिए कई अन्य ब्लॉकों के भी आशाएं जिला पदाधिकारियों के साथ सीएससी भदौरा पर पहुंची हुई थी। इसी दौरान आशाएं दो गुटों में बंट गई और उन्होंने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। आशाओं के धरना को लेकर भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। धरना के लिए आई आशाएं पुलिस के द्वारा समझाने बुझाने के बाद बिना धरना दिए ही अपने गंतव्य को लौट गई। आशाओं के एक पक्ष का कहना है कि केंद्र प्रभारी के द्वारा मानदेय समय से नहीं दिया जाता और प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को उचित भोजन नहीं दिया गया। वहीं प्रबंधन का कहना है सभी आशा कार्यकताओं को मानदेय का भुगतान हो चुका है। बावजूद इसके कुछ आशाएं खुद का वर्चस्व साबित करने के लिए बेवजह हंगामा कर रही हैं।

अस्पतालों में पहुंचा गिर नस्ल का सीमेन

बलिया। जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु के निर्देश पर पशु अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेन पहुंच गया है। इससे जनपद में गिर नस्ल के गायों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जगी है। गत दिवस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु से मिलकर आग्रह किया था कि स्वास्थ्य और चिकित्सीय दृष्टिकोण से गिर नस्ल के गायों का दूध बहुत लाभकारी है। पशुपालकों के लिए भी गिर नस्ल के गायों का दूध फायदेमंद है। इसलिए क्षेत्र के अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेन भिजवाया जाए। ताकि क्षेत्र के गायों का गभार्धान गिर नस्ल के सीमेंस से हो और क्षेत्र में गिर नस्ल के गायों की संख्या बढ़े। विनोद सिंह के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री ने तत्काल करवाई की। मुख्य पशु चिकित्सालय में गिर नस्ल के सांडों का सीमेन पहुंच गया है। वहां से जनपद के सभी पशु अस्पतालों में गिर नस्ल के साड़ों का सीमेन पशुपालन विभाग उपलब्ध करा दिया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डाण ओम प्रकाश ने पशुपालकों से आग्रह किया कि जो भी गोपालक अपने गायों का गभार्धान कराना चाहते हो वह अपने गाय को निकटवर्ती सरकारी पशु अस्पताल में लेकर पहुंचे वहां गिर नस्ल के सांडों का सीमेन निशुल्क उपलब्ध है।

ब्रेकर पर उछली बाइक, महिला की मौत

बलिया। राह चलते गति अवरोधक पर बाइक उछल गयी जिससे बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गयी। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना बैरिया.रेवती मार्ग पर दलित बस्ती के निकट सोमवार की है। ज्ञान्ती देवी 35 वर्ष पत्नी सुगम राम निवासी सिंगही थाना सहतवार के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर बैरिया अपनी बहन के घर आ रही थी। इसी बीच रेवती मार्ग पर बैरिया दलित बस्ती के पास सड़क पर बने अबैध गति अवरोधक पर मोटरसाइकिल उछल गयी। जिससे पीछे बैठी ज्ञान्ती देवी मुह के बल सड़क पर गिर गयी। स्थानीय लोगों ने ज्ञान्ती देवी को सोनबरसा अस्पताल पहुचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकांश सड़को पर सम्बंधित विभाग के अनुमति के बिना बड़ी संख्या में अवैध गति अवरोधक स्थानीय लोगों द्वारा सड़कों पर बना लिया गया है। जिसके क्रम में सोमवार को ज्ञान्ती देवी की मौत अवैध गति अवरोधक के चलते हो गयी।

सपा की बैठक में निकाय चुनाव, महंगाई और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर सम्पन्न हुई। इसमें होने वाले नगर निकाय चुनाव, बेसमय हुई बरसात और ओलावृष्टि से किसानों को हुई क्षति, लगातार बढ़ती मंहगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, बिगड़ती कानून व्यवस्था, भाजपा सरकार द्वारा किसानों, नौजवानों और छात्रों से की गई घोर वादाखिलाफी पर गंभीर चर्चा हुई और देश में हो रहे लगातार आर्थिक घोटालों और मजहबी दंगों पर चिंता भी व्यक्त की गई। बैठक में आठ अप्रैल को गाजीपुर लोकसभा के प्रभारी रामअचल राजभर की सेक्टर और बूथ प्रभारियों के साथ होने वाली बैठक को भी सफल बनाने पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने सर्वप्रथम कल शादियाबाद थानांतर्गत नेवादा दुर्गविजय राय की घटना के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया और निर्दोष लोगों को फंसायें जाने पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने नगर निकाय चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले नगर निकाय का चुनाव हमारे लिए लिटमस टेस्ट होगा। हमें हर हाल में इस चुनाव को जीतना होगा। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से नगरपालिका गाजीपुर पर भाजपा का कब्जा है लेकिन गाजीपुर शहर जहां 25 वर्ष पहले था आज भी शहर वहीं खड़ा है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से नगरपालिका और नगर पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया और कहा कार्यकर्ता रहा हूं और मैं ताउम्र कार्यकताओं के सम्मान के लिए संघर्ष करूंगा। कार्यकताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं करूंगा। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, पूर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, डॉ नन्हकू यादव, डॉ सीमा यादव, शिवशंकर यादव, मदन सिंह यादव, धर्मदेव यादव, अशोक कुमार बिंद,चन्द्रिका यादव, निजामुद्दीन खां, भगवान यादव,वृजदेव खरवार,तहसीन अहमद, राजेंद्र यादव, कमलेश यादव,भानु यादव अनिल यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, आमिर अली, दिनेश यादव, डॉ समीर सिंह, रविन्द्र प्रताप यादव,विवेक सिंह शम्मी,जमुना यादव, पप्पू यादव,प्रभुनाथ राम,जयराम यादव, सुशील जायसवाल , खेलन यादव,अवधेश यादव, राजेश गोड़, नफीसा बेगम, रामकरेश यादव,रामवचन यादव, छोटे लाल यादव,कंचन रावत, रीना यादव,अतीक अहमद राईनी, परशुराम बिंद, आत्मा यादव, सदानंद यादव, राजेश कुमार यादव व अन्य मौजूद रहे।